पंचायतों के जरूरतमंद परिवारों को करंजिया में संस्था बांट रही राशन

भास्कर न्यूज़ करंजिया।

कोविड-19 कोरोना वायरस को लेकर लॉकडाउन के बीच स्वयं सेवी संस्था द्वारा करंजिया विकासखंड के पंचायतों में असहायों, रोज, कमाने खाने वाले दिहाड़ी मज़दूरों, निशक्तों, एकल महिलाओं, पुरुषों, विधवाओं एवं अन्य वंचित वर्ग के लोगों के बीच खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया। जनपद पंचायत एवं तहसीलदार के सहयोग से प्रखंड के 26 ग्रामों में 250 से अधिक परिवारों को खाद्यान्न किट एवं मॉस्क का वितरण किया गया। संस्था द्वारा जनपद पंचायत की सहायता से प्रखंड की 50 पंचायतों में 600 परिवारों तक पहुँचने का लक्ष्य रखा गया है। लॉकडाउन के दौरान ऐसे कई अत्यंत गरीब श्रेणी के परिवार जो कि मज़दूरी एवं पलायन के भरोसे गुज़ारा करते थेए वे अब बेहद तनाव की स्थिति से गुजर रहे हैं। कई प्रवासी मजदूर अपने गाँव लौट आए हैं और अब गाँव में भी रोजगार नहीं है। संस्था द्वारा सभी पंचायतों में असहाय परिवारों का चयन किया गया है जिन्हें हर हफ्ते राहत खाद्यान्न किट एवं मॉस्क वितरण किया जाएगा।

किट बनाकर दिया जा रहा राशन

इस किट में 5 किलो चावल, 3 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो नमक, 1 किलो शक्क र, मसाले, सोयाबीन बड़ी, आलू, साबुन एवं मॉस्क शामिल है। यह वितरण प्रदान संस्था के इग्जक्युटिव एवं समूह के प्रतिनिधि महिलाओं द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किया गया।

इस तरह से कर रहे जागरूक

इसके अतिरिक्त संस्था ग्रामों में कोरोना सम्बंधित आवश्यक जानकारी का दीवार.लेखनए हाथ धोने का प्रशिक्षण, सार्वजनिक स्थलों जैसे नलए कूपए कुआँए राशन दुकानए चक्की आदि के सामने गोले बनाकर जागरूक करने का काम भी कर रही है।